Cug No. 9473942683
eecdchandauli170@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय,उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)–चन्दौली।

पत्रांक 4501 / पे0यू0 कालि0 / 178 दिनांक 30.06.26

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद चन्दौली।

विषयः– दैनिक समाचार पत्र "चन्दौली समाचार" में प्रकाशित समाचार शीर्षक "भैसऊर गांव में जल जीवन मिशन की खुली पोल, पानी मिला नहीं और आने लगा बिल! इसलिए भड़के पूर्व विधायक मनोज सिंह" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक हिन्दी "चन्दौली समाचार" में दिनांक– 30.06.2026 को प्रकाशित शीर्षक "भैसऊर गांव में जल जीवन मिशन की खुली पोल, पानी मिला नहीं और आने लगा बिल! इसलिए भड़के पूर्व विधायक मनोज सिंह" सम्बन्ध में आख्या निर्धारित प्रारूप पर संलग्न कर प्रेषित है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(विवेक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबंध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, चन्दौली।
5. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।

अधिशासी अभियन्ता

DEO PS SWSM CHANDAULI

Scanned with OKEN Scanner

Cug No. 9473942683
eecdchandauli170@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय,उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)–चन्दौली।

पत्रांक 4501 / पे0ज0(का0)/170 दिनांक 30.06.26

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद चन्दौली।

विषयः– दैनिक समाचार पत्र "चन्दौली समाचार" में प्रकाशित समाचार शीर्षक "भैसऊर गांव में जल जीवन मिशन की खुली पोल, पानी मिला नहीं और आने लगा बिल! इसलिए भड़के पूर्व विधायक मनोज सिंह" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक हिन्दी "चन्दौली समाचार" में दिनांक– 30.06.2026 को प्रकाशित शीर्षक "भैसऊर गांव में जल जीवन मिशन की खुली पोल, पानी मिला नहीं और आने लगा बिल! इसलिए भड़के पूर्व विधायक मनोज सिंह" सम्बन्ध में आख्या निर्धारित प्रारूप पर संलग्न कर प्रेषित है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(विवेक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबंध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, चन्दौली।
5. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।

अधिशासी अभियन्ता

DEO PS SWSM CHANDAULI

Scanned with OKEN Scanner

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चन्दौली।

**समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का विवरण एवं अद्यतन आख्या**

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | समाचार पत्र एवं दिनांक | प्रकाशित शीर्षक | आख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चन्दौली | दैनिक समाचार पत्र चन्दौली समाचार एवं दिनांक– 30.06.2026 | भैसऊर गांव में जल जीवन मिशन की खुली पोल, पानी मिला नहीं और आने लगा बिल! इसलिए भड़के पूर्व विधायक मनोज सिंह | जनपद चन्दौली के विकासखण्ड बरहनी में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सूचीबद्ध फर्म मैसर्स ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लिमिटेड द्वारा भैसऊर पेयजल योजना (सम्मिलित ग्राम भैसऊर, भैसा कलॉ, गोरखा) निर्माणाधीन है। योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्य ट्यूबवेल, पम्प हाउस, बाउण्ड्री वॉल, शिरोपरि जलाशय की क्षमता 125के0एल0/16मी0 का कार्य 35 प्रतिशत, पाइप लाइन 11.381 कि0मी0 के सापेक्ष 09.970 कि0मी0, गृह जल संयोजन का कार्य 278 नग के सापेक्ष 98 नग का कार्य पूर्ण हो चुका है। योजना में डायरेक्ट पम्प से आंशिक रूप से पेयजल आपूर्ति करायी जा रही है। उक्त पेयजल योजना में वर्तमान समय में अवशेष पाइप लाइन बिछाने, ज्वाइंटिग एवं गृह जल संयोजन का कार्य प्रगति पर है। फर्म को निर्देशित कर दिया गया है कि अवशेष कार्यो को शीघ्र ही पूर्ण कराते हुये पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करे। | – |

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

# भैसऊर गांव में जल जीवन मिशन की खुली पोल, पानी मिला नहीं और आने लगा बिल! इसलिए भड़के पूर्व विधायक मनोज सिंह

चंदौली के भैसऊर गांव में पूर्व विधायक मनोज कुमार सिंह ने जल जीवन मिशन योजना में बड़े घोटाले का आरोप लगाया है। कागजों पर करोड़ों का खर्च और धरातल पर पानी की बूंद न मिलने की पूरी कहानी जानने के लिए खबर पढ़े।












- भैसऊर गांव में खुली पोल
- ढाई करोड़ की योजना अधूरी
- बिना पानी मिले आया बिल
- केवल कागजों पर हुआ काम
- मामले की जांच के आदेश

Scanned with OKEN Scanner

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'जल जीवन मिशन' में चंदौली जिले के भीतर एक बड़ा झोल सामने आया है। बरहनी विकासखंड के भैसऊर गांव में सोमवार को पूर्व विधायक मनोज कुमार सिंह ने पेयजल योजना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सरकारी दावों की हवा निकल गई और योजना में भारी लापरवाही व वित्तीय अनियमितता की बात सामने आई। पूर्व विधायक ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकारी फाइलों और जमीनी हकीकत में जमीन-आसमान का अंतर है।







ढाई करोड़ से ज्यादा की योजना, पर टंकी अधूरी

पूर्व विधायक मनोज कुमार सिंह ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि भैसऊर गांव में करीब 2 करोड़ 57 लाख रुपये की भारी-भरकम लागत से पानी की टंकी का निर्माण और 'हर घर नल जल योजना' को मंजूरी मिली थी। सरकारी पोर्टल पर इस काम को काफी आगे और सफल दिखाया गया है, लेकिन जब जमीन पर जाकर देखा गया तो सच बिल्कुल उल्टा निकला। गांव की पानी की टंकी आज तक पूरी तरह बनकर तैयार ही नहीं हो पाई है, जिसके चलते ज्यादातर ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।

फोटो खिंचवाकर करोड़ों का भुगतान

निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि इस योजना के तहत गांव के 184 परिवारों पर औसतन 1.84 लाख रुपये प्रति परिवार का खर्च सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया गया है। इतना बड़ा बजट खर्च होने के बाद भी ग्रामीणों को पीने का साफ पानी नसीब नहीं हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदारों और अधिकारियों ने मिलीभगत करके केवल कुछ घरों के बाहर पाइप लाइन का ट... ...टी के दम पर करोड़ों रुपये का सरकारी भुगतान करा गए।

Saved successfully

**बिना पानी मिले ही थमा दिया पानी का बिल**

मामले में सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि सरकारी कागजों में भैसऊर गांव को 'नल जल योजना' से पूरी तरह लाभान्वित घोषित कर दिया गया है। असलियत यह है कि गांव के 139 परिवारों को आज तक एक दिन भी नियमित पानी की सप्लाई नहीं मिली। पानी की सप्लाई तो शुरू नहीं हुई, लेकिन गरीब ग्रामीणों के घरों पर सिंचाई और पानी का टैक्स (बिल) जरूर पहुंचने लगा है, जिससे लोग बेहद परेशान हैं।

**ग्रामीणों में रोष, अधिशासी अभियंता ने दिए जांच के आदेश**

पूर्व विधायक ने गांव का दौरा कर लोगों से सीधी बात की और उनकी शिकायतें सुनीं। ग्रामीणों ने भी एक सुर में कहा कि जल जीवन मिशन उनके लिए सिर्फ एक किताबी सपना बनकर रह गया है। मनोज कुमार सिंह ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को जेल भेजने की मांग की है।

ज़्यादा जानें

स्थानीय समाचार

पंचायतनामा रिपोर्ट

रेल से सामान भेजने की सेवा

वहीं, इस गंभीर शिकायत पर सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता विवेक कुमार ने कहा कि मामले को संज्ञान में ले लिया गया है और इसकी विस्तृत जांच कराई जा रही है। उन्होंने भरोसा दिया कि यदि जांच में भ्रष्टाचार या किसी भी स्तर पर गड़बड़ी पाई गई, तो जिम्मेदार फर्म और अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

Scanned with OKEN Scanner